卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 327 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦8 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस में शामिल होंगे कन्हैया मित्तल

### हरियाणा की पंचकूला सीट पर भाजपा का टिकट मांग रहे थे कन्हैया

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया है। एक मीडिया चैनल से साक्षात्कार में कन्हैया मित्तल ने कहा कि मैं जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो जाऊंगा। खबर है कि कन्हैया मित्तल हरियाणा की पंचकूला सीट से बीजेपी से टिकट चाह रहे थे लेकिन बीजेपी ने यहां से पुराने नेता ज्ञानचंद को फिर से मैदान में उतार दिया। 2022 में हुए यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान कन्हैया का गाना- जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' काफी फेमस हुआ था। इसके बाद कन्हैया मित्तल ने सीएम योगी से भी



मुलाकात की थी और वह सार्वजनिक मंचों से भी पीएम और सीएम की तारीफ कर चुके हैं। पिछले साल उन्होंने 'मैं यूपी बोल रहा हूं' वाला गीत गाया था जिसमें योगी सरकार के कार्यों का गुणगान किया गया है। अपने कांग्रेस में शामिल होने के फैसले को लेकर कन्हैया मित्तल ने कहा मैंने योगी आदित्यनाथ जी के लिए गाना गाया है, बीजेपी के लिए नहीं। मैं चाहता हूं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि बीजेपी अकेली पार्टी नहीं है जो सनातन की बात करती है। कन्हैया मित्तल ने हाल ही में बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर खुशी जताई थी । बता दें कि कन्हैया को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्योता भी मिला था। इसे लेकर कन्हैया मित्तल ने कहा था कि वे एक भजन सनातन धर्म को एकता के साथ भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए भी गाएंगे।

## चूड़ियां लेकर सरकार के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं बढ़ते महिला अपराधों के विरोध में कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ चूड़ियां दिखाकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने चूड़ियां इकट्ठा कर मुख्यमंत्री को भेजी। प्रदेश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों और राज्य में महिलाओं के शोषण और अपराधों में भाजपा से जुड़े लोगों के होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने भाजपा सरकार को चूड़ियां दिखाकर प्रदर्शन किया। हल्द्वानी



में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस ने भाजपा से बेटियां बचाओ का नारा लगाते हुए कई गंभीर आरोप भी लगाए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार द्वारा अपराधियों को बचाने का षड्यंत्र करने का आरोप भी लगाया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश और राज्य मंत्री ललित जोशी ने कहा कि सरकार में बैठे लोगों को चूड़ियां पहन लेनी चाहिए। क्योंकि आज सरेआम बहन बेटियों की इज्जत पर हाथ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधी भाजपा से जुड़े हुए( शेष पृष्ठ सात पर)

## मंदिर से चांदी का छत्र सहित अन्य सामान चोरी

रामनगर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने कोतवाली से महज कुछ दूरी पर स्थित श्री नागा बाबा मंदिर परिसर में स्थित गायत्री मंदिर में धावा बोलकर मंदिर में लगा चांदी का छत्र तथा घंटिया के अलावा बर्तन व अन्य सामान चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने नागा बाबा मंदिर परिसर में स्थित गायत्री मंदिर में घुसकर चांदी का छत्र घंटियों सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। बताया जाता है कि 15 दिन पूर्व भी इस मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की थी जिसकी लिखित सूचना मंदिर के महंत द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस ने तहरीर तक (शेष पृष्ठ सात पर)



## नये कप्तान ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

### अधीनस्थ अधिकारियों को दिये व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले के नये कप्तान मणिकांत मिश्रा ने आते ही जिला मुख्यालय की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायद शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने शहर का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थ अधिकारियों को यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पूरे अमले



के साथ रविवार को शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने गाबा चौक से लेकर इंदिरा चौक, मुख्य बाजार मोड़, डीडी चौक, काशीपुर बाई पास रोड की यातायात व्यवस्था देखी और यहां लगने वाले जाम से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यातायात में बाधित बनने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें, किसी भी सूरत में सड़कों पर जाम नहीं लगना चाहिए। उन्होंने यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान एसएसपी के साथ एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह, एएसपी निहारिका तोमर, यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या, कोतवाल एमएस दसौनी, चौकी प्रभारी बाजार विजय सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी कर्मी मौजूद रहे। वहीं नये कप्तान की सख्ती के बाद पुलिस यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ एक्टिव हो गयी है। रम्पुरा पुलिस चौकी ने बिना नंबर या मोडिफाइड बाईकों पर शिकंजा कसते हुए अभियान चलाकर छह बाईकों को सीज कर दिया।

## मिटने नहीं दूंगा गांधी पार्क का अस्तित्वः ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन प्रशाससन द्वारा स्थानीय गांधी पार्क में बहुमंजिला पार्किंग बनाये जाने की कवायद का पूर्व विधायक राजकुमार ने कड़ा विरोध किया है। आज गांधी पार्क में पत्रकारों उसे बातचीत करते उन्होंने कहा कि वह किसी भी हालत में गांधी पार्क का अस्तित्व मिटने नहीं देंगे। इसके लिए वह आम जनता को साथ लेकर आन्दोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि गांधी पार्क शहर वासियों का दिल है जहां पिछले कई



दशकों से दशहरा मेला आयोजित होता आ रहा है। वहीं इसके अतिरिक्त वर्ष में सैकड़ों अन्य धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा जनहित की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देने के लिए इसी मैदान में शिविर और मेले आयोजित किये जाते हैं। विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों व जन जागरूकता के लिए इसी गांधी मैदान से रैलियां निकाली जाती हैं। लेकिन शासन प्रशासन की नजर इस गांधी पार्क के स्वरूप को बिगाड़ कर इसका व्यावसायिक उपयोग करने पर टिकी हुई है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## 11 हत्याओं का कुख्यात आरोपी दबोचा

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। बिहार और झारखंड में 11 हत्याओं के कुख्यात आरोपी को एसटीएफ उत्तराखंड ने ऋषिकेश से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर हत्या, रंगदारी, लूट समेत कई मामलों में 27 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर बिहार पुलिस ने दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। बिहार पुलिस पिछले दो साल से आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही थी। उत्तराखंड एसटीएफ के नवनियुक्त एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि बिहार एसटीएफ की सूचना पर हत्या समेत कई मामलों में फरार दो लाख के इनामी आरोपी रंजीत चौधरी



निवासी बेलापुर थाना उदवंत नगर जिला बिहार को ऋषिकेश के लक्ष्मणझूला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ बिहार और झारखंड में 27 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें 11 रंजिशन हत्या, सुपारी लेकर हत्या और 16 मुकदमे लूट, रंगदारी, फिरौती, हत्या के प्रयास के हैं। आरोपी ने दो साल (शेष पृष्ठ सात पर)

## रूद्रपुर प्रेस क्लब ने नये कप्तान का किया स्वागत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। उधमसिंहनगर के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रुद्रपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेट किया और शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। गत दिवस नैनीताल रोड स्थित एसएसपी कैंप कार्यालय में



नवागंतुक कप्तान मणिकांत मिश्र से रुद्रपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष केवल कृष्ण बत्रा, महामंत्री परमपाल सुखीजा, कोषाध्यक्ष विजय आहुजा,सचिव मुकेश गुप्ता और चेतन बत्रा ने मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर एसएसपी श्री मिश्रा के साथ पत्रकारों ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा भी की। शिष्ट मंडल के साथ बातचीत करते हुए एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि वह जिले की विभिन्न समस्याओं को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। महिला सुरक्षा,नशे की रोकथाम और सुचारू यातायात प्रबंधन को अपनी प्राथमिकता बताते हुए श्री मिश्र ने कहा कि उनका प्रयास है कि नशे और अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाई की जाए। इसके लिए वह रात्रि में पुलिस गस्त को अधिक सक्रिय करने की रणनीति पर काम कर रहे है। रुद्रपुर की यातायात व्यवस्था पर श्री मिश्र ने कहा कि मुख्य मार्गो व चौराहों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है, जिससे जन सामान्य को काफी कठिनाइयों का (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-
8433432291

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल

**हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर**

**1 से 15 सितम्बर 2024 तक**
**30 % से 50 % तक की भारी छूट**

हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट

बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट

हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।

**गोल्डन एजेन्सीज**
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# कारतूस कांड से चौतरफा घिरी भाजपा

## भारत नेपाल बार्डर पर पकड़े गये रानीखेत विधायक के भाई की फोटो शेयर कर कांग्रेस हुई हमलावर, भाई के बचाव में उतरे प्रमोद नैनवाल

देहरादून/अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लचर कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर विपक्ष के निशाने पर आयी सरकार अब भारत नेपाल बार्डर पर पकड़े गये सत्तासीन दल के विधायक के भाई को लेकर चौतरफा घिर गई है। रानीखेत के विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के भाई सतीश नैलवाल के पास भारत-नेपाल सीमा पर कारतूस मिलने के बाद अब प्रदेश की सियासत गरमा गई है। इस मामले को लेकर जहां कांग्रेस पार्टी के आला नेता भाजपा पर हमलावर हो गए हैं। जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच निष्पक्षता से हो रही है तभी आगे कुछ कहा जायेगा। वहीं रानीखेत के विधायक और उनके भाई पूरी तरह बचाव की मुद्रा में आ गए हैं। विधायक रानीखेत डॉ. प्रमोद नैनवाल ने शोसल मीडिया पर एक अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने भाई का बचाव किया है। उन्होंने बताया कि उनके भाई का परिवार अलग रहता है। जबकि मेरा भाई ए क्लास का कांट्रेक्टर है। मजदूरों को लाने के लिए वह इधर-उधर जाते रहते हैं। भूलवश उनके बैग में उनके लाइसेंसी पिस्टल की गोलियां रह गई। फिर भी कोई शंका है तो पुलिस मामले की जांच कर रही है। विधायक के भाई सतीश नैलवाल के अनुसार कुछ लोग मुझे जानबूझकर फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं मजदूरों को लेने गया था। जल्दीबाजी में मैं अपने बैग से अपनी लाइसेंसी पिस्टल की गोलियां निकालना भूल गया। लाइसेंस और कारतूस से संबंधित दस्तावेज पुलिस के सामने पेश



किए जाएंगे। रानीखेत के विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के भाई सतीश और उनके ड्राइवर दिनेश चंद्र को बनबसा में एसएसबी ने 7.65 एमएम के 40 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद एसएसबी ने यह मामला बनबसा पुलिस के सुपुर्द किया था। जहां से पुलिस ने नोटिस देकर आरोपियों को छोड़ दिया और लाइसेंस दिखाने की मोहलत दी थी। इस मामले के सामने आने के बाद अब कांग्रेस पार्टी हमलावर हो गई है। डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने निवास स्थान पर प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि सत्तारूढ़ दल से जुड़े नजदीकी व्यक्ति का इस तरह से बार्डर पर कारतूस के साथ पकड़ा जाना, गंभीर मामला है। यह देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा मामला है। इस माले पर कांग्रेस राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की गुहार लगायेगी। नेपाल की ओर से इस मामले में वहां के स्थानीय प्रशासन को पहले ही इनपुट दिया जा चुका था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे मामले में नजर बनाए हुए है, जरूरत पड़ी तो राजभवन में दस्तक दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि विधायक के भाई के पकड़े जाने के बाद अब सरकार के दबाव में उन्हें लाइसेंस व अन्य दस्तावेज दिखाने का समय दिया गया है। ऐसे तो कोई भी कारतूस अथवा हथियार लेकर एक से दूसरे देश चला जाएगा और सीमा पर पकड़े जाने के बाद भी लाइसेंस दिखाने की बात कहकर छूट जाएगा। लाइसेंसी हथियार को तो दो-तीन राज्यों तक ही ले जाने की अनुमति मिलती है लेकिन विधायक के भाई को कारतूस लेकर सीमा लांघ कर दूसरे देश में जाने की फिराक में थे। जो समझ से परे है। नेता प्रतिपक्ष ने चितां व्यक्त करते हुए एक बयान में विधायक नैनवाल के भाई के पास कारतूस मिलने के मामले में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर पूरे मामले में सरकार को घेरने का प्रयास किया है। आर्य ने कहा है कि प्रदेश में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। विधायक के भाई और उनके ड्राइवर का कारतूसों के साथ पकड़ा जाना काफी चिंताजनक है। अब देखना होगा कि सरकार क्या कार्रवाई करती है।

# हरदा के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार, सनसनी फैलाने आरोप

## प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा, निष्पक्षता से हो रही है कार्रवाई

देहरादून (उद संवाददाता)। भाजपा ने रानीखेत विधायक के भाई को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत ने पीसी की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाके में सत्तारूढ़ दल से जुड़े व्यक्ति को बचाने की कोशिश हो रही है। वो भाजपा विधायक के 40 जिंदा कारतूस के साथ पकड़े जाने के मामले को राज्यपाल तक लेकर जाएंगे। इस पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा का कहना है कि हरदा के आरोप राजनैतिक लाभ के लिए सनसनी फैलाने की कोशिश हैं। भाजपा ने रानीखेत विधायक के भाई को लेकर हरदा के आरोपों को राजनैतिक लाभ के लिए सनसनी फैलाने कोशिश बताया है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने पलटवार किया कि इस पूरे घटनाक्रम में हुई अब तक हुई कानूनी कार्यवाही, पूरी तरह निष्पक्षता की पुष्टि करती है। वहीं गौकशी को लेकर भी उन्होंने कांग्रेस की सुविधावादी बयानबाजी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि वे इधर उधर की बात न करें, जनता सीधे सीधे जानना चाहती है वे गौहत्यारों के पक्ष में क्यों खड़े हैं? पूर्व सीएम हरदा के आरोपों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि धामी सरकार में प्रदेश में कानून



व्यवस्था चाक चौबंद है और बिना किसी भेदभाव के आवश्यक कार्यवाहियां हो रही हैं। भारत नेपाल सीमा की जिस घटना की बात वे कर रहे हैं वो भी इसी सच्चाई को तस्दीक करती है। वहां अगर कुछ भी गलत पाया गया तो मौके पर उचित कानूनी कार्रवाई हुई है और कांग्रेस की सरकारों की तरह किसी को कोई भी विशेष तरजीह नहीं दी गई है। सुरेश जोशी हरदा के माओवाद वाले बयान को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि बिना तथ्यों के सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए बड़े नेताओं का ऐसे आरोप लगाना उचित नहीं है। हमारी सरकार कानून व्यवस्था को लेकर पूरी पारदर्शिता और कड़ाई से काम कर रही है। इस मसले पर भी कानून अपना काम कर रहा है। लिहाजा प्रत्येक मुद्दे को राजनैतिक लाभ लेने के उद्देश्य से बयानबाजी करने से सभी को बचना चाहिए। देवभूमि की जनता कांग्रेस से एक शब्द में जवाब चाहती है कि वे गौकशी करने वालों के पक्ष में हैं या नहीं? हालांकि इसका जवाब उनकी तुष्टिकरण नीति में ही स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा कि इंदिरा सरकार में सैकड़ों गौभक्तों को संसद के सामने गोली मारने वाले नरसंहार का, केरल में खुले आम गौमांस खाने के स्टॉल लगाने वालों को राहुल का अपनी यात्रा में तवज्जो देने का, कांग्रेस सरकारों में गौहत्यारों को संरक्षण देने का देश गवाह है। उन्होंने अवैध मस्जिद को लेकर हिमाचल के कांग्रेसी मंत्रियों की स्वीकारोक्ति से सबक लेने की नसीहत हरदा समेत तमाम प्रदेश कांग्रेस नेताओं को दी। क्योंकि अब देवभूमि में गौहत्यारों को संरक्षण देने वालों को जनता स्वीकार नहीं करने वाली है।

# नेपाल बार्डर पर एसएसबी की कार्रवाई प्रशंसनीय: माहरा

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बनबसा में एसएसबी की कार्रवाई की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार अपने नेताओं को संरक्षण दे रही है, इसके बावजूद भी एसएसबी जवानों ने भाजपा विधायक के भाई को कारतूस के साथ पकड़ा है, उनका यह साहसिक कदम निश्चित रूप प्रशंसनीय है। माहरा ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। शनिवार



को मीडिया को जारी बयान में माहरा ने कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ बलात्कार, उत्पीड़न एवं अत्याचार की जितने भी वारदात हो रही हैं, वहां अधिकतर मामलों में भाजपा के नेताओं का नाम सामने आ रहा है। उन्होंने सल्ट, चम्पावत, हरिद्वार, द्वाराहाट और लालकुआं का हवाला देते हुए कहा कि इन सभी जगहों पर हुई वारदातों में भाजपा के पदाधिकारी आरोपी हैं। उन्होंने कहा कि लालकुआं में इन्हीं के नेता ने एक महिला का लगातार दो वर्षों तक यौन शोषण किया। रसूखदार होने के कारण अभी तक उस नेता को गिरफ्तार नहीं किया गया है। करन माहरा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने मंत्रियों, विधायकों, उनके रिश्तेदारों और कार्यकर्ताओं को खुलेआम कानून से खेलने और अब तश्करी करने का भी लाइसेंस दे दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और भाजपा के कार्यकर्ता सत्ता के नशे में बेहोश होकर खुलेआम कानून की धज्जियां उठा रहे है।

# दो शव मिलने से सनसनी

ऋषिकेश/देहरादून (उद संवाददाता)। आईएसबीटी परिसर में एक बस परिचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह आईएसबीटी परिसर में एक शव पाये जाने से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान भरत सिंह भंडारी उर्फ गारू पुत्र दीप सिंह भंडारी, ग्राम भेनटला, टिहरी गढ़वाल के रूप में की गयी। मृतक बस का परिचालक था और बस मालिक का पार्टनर भी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कोतवाल आरएस खोलिया का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। देहरादून - प्रेमनगर थाना क्षेत्र के परवल इलाके में एक करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी मच गई। घटना की जानकारी पर सूचना मिलते ही मौके पर प्रेमनगर थाना पुलिसा, एसपी सिटी और सीओ पहुंची। बताया जा रहा है कि पलवल गांव के पास नदी किनारे प्लाटिंग में शव पड़ा हुआ मिला है। परवल गांव के पास मिली लाश की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। हत्यारों की पहचान के लिए मौके पर डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट की टीम ने साक्ष्य एकत्र किये।

# देव संस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

देहरादून। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विश्वविद्यालय की ज्योति कलश यात्रा सम्मेलन में शिरकत की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से जो जन जागरण का कार्य होने जा रहा है, यह निश्चित ही एक बहुत बड़ा कार्य है। अपने मन में एक संकल्प हो कि ज्योति से ज्योति का जलाना है, देश और दुनिया को जगमगाना है। तीन दिवसीय इस में सम्मेलन राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल आदि प्रांतों से 1200 से अधिक गायत्री परिवार के साधक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज पूरी दुनिया



जलवायु परिवर्तन के भीषण दौर से गुजर रही है। जिस एक वजह हवन यज्ञ न होना है। हवन यज्ञ से जलवायु शुद्ध होती है। जिस परंपरा को हम छोड़ चुके हैं उसे गायत्री परिवार फिर से आगे लाने का काम कर रही है। गायत्री परिवार कई दशकों से व्यसन मुक्त भारत, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन और राष्ट्र सेवा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रहा है। ज्योति कलश यात्रा की रूपरेखा की जानकारी देते हुए प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि कलश भारतीय संस्कृति का केंद्र बिंदु है। गायत्री परिवार के संस्थापक श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाई गई ज्योति का अंश लेकर यह ज्योति कलश यात्रा जहां जायेगी, वहां लोगों को भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत कर उनकी चेतना को प्रखर बनाने का कार्य करेगी। ज्योति कलश यात्रा का उदेश्य मनुष्य की भावनात्मक रूप से नवनिर्माण करना है। इस ज्योति से ऐसे प्रकाशवान व्यक्तित्व निखरकर सामने आएंगे जो समाज एवं दुनिया में फैले अंधकार को दूर करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में देव संस्कृति इंट्रडिसीप्लिनरी इंटरनेशनल जनरल, गायत्री महाविज्ञान बंगला संस्करण एवं ज्योति कलश प्रज्ञा गीतों तथा डॉक्यूमेंट्री का विमोचन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष व कुलपति व प्रतिकुलपति ने राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम व अरुणाचल प्रदेशसे आए गायत्री साधकों को ज्योति कलश सौंपे।

# रूद्रपुर में कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन कल, शामिल होंगे सभी दिग्गज

रूद्रपुर (संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रुद्रपुर शहर की तमाम बस्तियों में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कल 9 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली के साथ उन्होंने शिव नगर, ट्रांजिट कैंप, जगतपुरा, खेड़ा आदि क्षेत्रों में महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, यहां श्रीमती शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन में जिस तरीके से कानून व्यवस्था लड़खड़ा गई है, महिलाओं के ऊपर लगातार अत्याचार बड़े हैं, महिलाओं के साथ जहां बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं, वहीं उन्हें मौत के घाट उतार दिया जा रहा है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है स अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं, उन्हें शासन प्रशासन का कोई भय नहीं है स श्रीमती शर्मा ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से विशेष कर महिलाएं बहुत प्रभावित हैं, उनका रसोई चलाना मुश्किल हो गया है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि राज्य की सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है, इसी को लेकर कल 9 सितंबर को जिला कांग्रेस के तत्वाधान में जिलाधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा, सीएलपी लीडर यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, सहित महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के साथ-साथ जनपद के सभी विधायक गण पूर्व विधायक गण और वरिष्ठ कांग्रेस नेता धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे स महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने कहा कि धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल होंगी स उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं विशेष कर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह 9 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रात: 10:30 बजे पहुंच कर कांग्रेस के इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर बकुल साना, सरोज, सावित्री, संगीता मंडल, नीतू देवी, तारा देवी, मनीषा, सरला ठाकुर, ममता शर्मा, प्रिया, फूल कुमारी, कमला देवी, सुनीता, कुसुम, बसंती, मेघा मंडल, अंजली, पुष्पा मंडल, गीता, मुन्नी, कांति, पूजा, वीना रानी, सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बड़े भाई ने छोटे को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारा

## किच्छा रोड की घटना, दिनदहाड़े दुकान में घुसकर चाकुओं से किया हमला

सितारगंज (उद संवाददाता)।शहर के किच्छा रोड पर बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई हत्याकांड से आसपास सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है। हमलावर दूसरे राज्य से आया था। शहर के वार्ड नंबर सात निवासी देवेन्द्र पाल की पाल इंजीनियरिंग के नाम से दुकान है। रविवार को देवेंद्र पाल सिंह दुकान में बैठे थे, तभी उनका बड़ा भाई पंजाब से आया। दोनों भाइयों के बीच में वार्ता हुई। आरोप है कि इस दौरान बड़े भाई ने देवेंद्र पाल सिंह की गर्दन पीठ में धारदार हथियार से कई वार कर दिए।





देवेंद्र पाल सिंह के चीखने चिल्लाने पर आस-पास के दुकानदार मौके की तरफ भागे। देवेंद्र पाल सिंह खून में लथपथ जमीन पर पड़े हुए थे। सूचना पर तुरंत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और देवेंद्र पाल सिंह को किच्छा रोड के निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने देवेंद्र पाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी तरफ हमलावर को भागते हुए आस-पास के लोगों ने पकड़ लिया जिसके बाद आरोपी को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। हत्याकांड का मकसद अभी साफ नहीं हो सका है। पुलिस हत्याारोपी से पूछताछ कर रही है। इससे पूर्व भी किच्छा रोड पर दो हत्याएं हो चुकी हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ बीएस चौहान, एसएसआई कविन्द्र शर्मा ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। इस हत्याकांड के पीछे की वजह अभी साफ नहीं पो पाई है। पुलिस परिजनो से पूछताछ कर घटना के संबध में जानकारी जुटा रही है। हत्याकांड की घटना के पीछे पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

# पंतनगर में चार दिवसीय किसान मेला चार अक्टूबर से

पंतनगर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में चार दिवसीय किसान मेला 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने बताया कि मेले में खरीफ की प्रमुख फसलों जैसे धान, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द एवं सोयाबीन आदि के वैज्ञानिक पद्धति से लगाये गये प्रदर्शनों को कृषकों हेतु प्रदर्शित किया जायेगा तथा फसल अनुसंधान केन्द्र, बीज उत्पादन केन्द्र एवं विश्वविद्यालय फार्म द्वारा उत्पादित रबी की प्रमुख फसलों-गेंहूँ, चना, मटर, जौ, मसूर, तोरिया, सरसों आदि के प्रमाणित एवं आधारीय बीज एवं सब्जी अनुसंधान केन्द्र द्वारा उत्पादित विभिन्न सब्जियों के बीज, आदर्श पुष्प उत्पादन केन्द्र द्वारा उत्पादित विभिन्न पुष्पों के बीज एवं पौध, उद्यान अनुसंधान केन्द्र द्वारा तैयार किये गये आम, लीची, अमरूद, नींबू, पपीता इत्यादि फल पौध विक्रय हेतु उपलब्ध होंगे। साथ ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निजी कम्पनियों एवं निगमों द्वारा स्टॉल लगाकर उन्नतशील बीजों की बिक्री की जायेगी। मेले के दौरान विभिन्न फर्मों द्वारा ट्रैक्टर, कम्बाइन हार्वेस्टर, पावर टिलर, पावर वीडर, प्लान्टर मशीन,



सब-स्वायलर, सिंचाई यंत्रों एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके बारे में जानकारी दी जायेगी। मेले में विश्व विद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय के वाह्य शोध केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विभिन्न फर्मों द्वारा अपने-अपने उत्पादों एवं तकनीकों का प्रदर्शन किया जायेगा। मेले में प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम के अन्तर्गत फल-फूल, शाक-भाजी एवं उनके उत्पादों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता, पशु प्रदर्शनी व प्रतियोगिता, आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रदर्शन तथा संकर बछियों की नीलामी का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न बैंको के द्वारा स्टॉल लगाकर कृषकों को कृषि योजनाओं, कृषि ऋण, फसल बीमा एवं किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। मेले में विशेष व्याख्यानमाला के अन्तर्गत व्याख्यान दिये जायेंगे तथा कृषकों की समस्याओं पर आधारित प्रत्येक दिन सायं 3.30 से 6.30 तक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषक अपनी समस्याओं का विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से विचार-विमर्श कर जानकारी प्राप्त कर समाधान कर सकते हैं। प्रत्येक दिन कृषकों के मनोरंजन हेतु किसान मेला स्थल में सायं 7.00 से 8.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों तथा परिसरवासियों की ओर से आयोजित किये जाते हैं। मेले के दौरान कृषकों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित साहित्यों के क्रय पर विशेष छूट का प्रावधान दिया गया है। मेले में कृषकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों जैसे फसल अनुसंधान केन्द्र, मशरूम शोध एवं विकास केन्द्र, औषधीय एवं सगन्ध पादप अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, बीज उत्पादन केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र, मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, विश्व विद्यालय फार्म, शैक्षणिक पोल्ट्री फार्म, शैक्षणिक डेयरी फार्म एवं बीज विधायन संयंत्र पर विश्वविद्यालय वाहनों से भ्रमण के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

# 33वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा 24 सितम्बर से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति की ओर से 33वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा 24 सितम्बर को प्रस्थान करेगी। जानकारी देते हुए यात्रा के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया कि नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली वैष्णो दरबार यात्रा इस बार 24 सितम्बर को प्रस्थान करेगी। 24 को प्रातः 7.30 बजे आरती के पश्चात सभी श्रद्धालु पांच मंदिर पहुंचेंगे। यहां पूजा अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं का जत्था आगे की यात्रा के लिए रवाना होगा। अपरान्ह हरिद्वार पहुंचने के पश्चात रात्रि विश्राम पंचकुला लक्ष्मी भवन धर्मशाला मनसा देवी में होगा। अगले दिन 25 सितम्बर को पंचकुला से प्रस्थान कर यात्रा मां नैना देवी पहुंचेगी। उसके पश्चात रात्रि विश्राम जम्मू कश्मीर कठुआ में होगा। 26 सितम्बर को कठुआ से पहला दर्शन कौलकंडोली में होगा। रात्रि विश्राम महामायी सेवा न्यास कटरा में होगा। 27 सितम्बर को सभी श्रद्धालु मां वैष्णो देवी दरबार के दर्शन करेंगे। अगले दिन 28 सितम्बर को कटरा से चीची माता, उषा माता, त्रिलोकीनाथ और नागिनी माता के दर्शन के उपरांत रात्रि में मां चामुण्डा देवी स्थित नैना धर्मशाला में विश्राम करेंगे। 29 सितम्बर को चामुण्डा जी से प्रस्थान कर मां कांगड़ा देवी, मां बंग्लामुखी, मां चिंतपूर्णी के दर्शन के बाद रात्रि विश्राम मां ज्वाला जी स्थित अग्रवाल सभा में करेंगे। 30 सितम्बर को मां ज्वाला जी से ज्वाला जी में दर्शन और हवन करने के उपरांत रात्रि विश्राम अग्रवाल सभा में होगा। 1 अक्टूबर को ज्वालाजी से प्रातः दस बजे पावन ज्योत लेकर सप्त देवी मंदिर होते हुए अम्बाला, से हरिद्वार उसके बाद 2 अक्टूबर को हरिद्वार से काशीपुर होते हुए शाम को रूद्रपुर पहुंचेगे और मां की पावन ज्योति को दुर्गा मंदिर में स्थापित किया जायेगा। 3 अक्टूबर को प्रथम नवरात्रि के उपलक्ष्य में माता की चौकी आयोजित होगी। 4 अक्टूबर को दूसरे नवरात्र पर विशाल मां भगवती जागरण और 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक माता की चौकियों का आयोजन होगा।

# बलात्कारियों को मृत्यु दण्ड देने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया। जिसमें देश में लगातार बढ़ रहे महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार जैसी घटनाओं पर सख्त कानून बनाने व तत्काल मृत्युदंड की सजा देने के लिए दिशा निर्देश देने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे देश में लगातार महिलाएं व बच्चियों को हवस का शिकार बनाया जा रहा है। जिस वजह से बच्चियों, महिलाओं, छात्राओं का घरों से बाहर निकलना मुश्किल होता जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव शरीफ खान ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में मोदी की सरकार होने के बावजूद भी हवस के पुजारी खुलेआम घूम रहे हैं जिस वजह से देश की बहन बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। शिवम ठाकुर ने कहा कि जिस सरकार में खुद के कार्यकर्ता



बलात्कारी हो वह सरकार अन्य बलात्कारियों को क्या सजा दिलाएगी। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि ऐसे बलात्कारी पर तत्काल मृत्युदंड जैसे से कानून बनाकर फांसी की सजा दी जाए या चौराहों पर खड़ा कर गोली से उड़ा दिया जाए। जिससे देश की बहन बेटी सुरक्षित रहें। आजकल के माहौल को देखते हुए बच्चियों का स्कूल निकालना, छात्राओं का कॉलेज निकालना, महिलाओं का घरों से निकलना दिन पर दिन मुसीबत का जाल बनता जा रहा है।अतः महामहिम राष्ट्रपति से निवेदन करते हुए कहा गया है कि शीघ्र गंभीर विषय पर कार्रवाई करने की कृपा की जाए अन्यथा राष्ट्रीय मानव अधिकार पूरे भारतवर्ष में उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप, जमील कुरैशी, दीपा खत्री, नगर अध्यक्ष रोहित दिवाकर, बल्लू, दौलत सिंह सैनी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओ से धरना प्रदर्शन में जुटने का आहवान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर पहुंची, जहां उन्होंने 9 सितंबर को उधम सिंह नगर जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली,और धरने को सफल बनाने के लिए रण नीति बनाई। श्रीमती शर्मा रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लंबाखेड़ा, खानपुर नंबर 1, आनंदखेड़ा,और ग्राम बसंतीपुर पहुंची, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, और 9 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर कांग्रेस के प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई, यहां श्रीमती शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि वह प्रदेश में लड़खड़ाती कानून व्यवस्था और



महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित अन्य कई मामलों को लेकर 9 सितंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले कांग्रेस के विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की स इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मन्नू चौधरी, पवन मलिक, सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुन्ना सिंह चौहान का वक्तव्य माफी के लायक नहीं: सुभाष

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि विधायक मुन्ना सिंह चौहान के सदन में बंगालियों पर दिए गए विवादित बयान के बाद अब उनका स्पष्टीकरण दिया जाना मात्रा ढकोसला है जबकि उनके द्वारा असली वक्तव्य को नजरअंदाज किया जा रहा है ।शनिवार को एक प्रतिष्ठान में आयोजित की गई प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के




प्रदेश अध्यक्ष बंगाली समाज मोर्चा सुभाष व्यापारी ने कहा कि विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने बंगालियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान पर माफी तो मांग ली मगर अन्य टिप्पणी पर उन्होंने कुछ नहीं कहा जिससे बंगाली समाज में आक्रोश है। देश भक्ति का जज्बा बंगालियों में कूट-कूट कर भरा है।इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी। प्रेस वार्ता में शकील अहमद ,सुशील भक्त, राकेश कुमार, तपन घरामी बृजेश कुमारघ, मुजम्मिल एवं मोहन सिंह मौजूद रहे।

# नदियों और उनके कैचमेंट एरिया को चिन्हित करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्प्रिंग एंड रिवर रेजुवेनशन (सारा) की समीक्षा बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों को नदियों व उनके कैचमेंट एरिया को चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा क्रिटिकल जल श्रोतो, जल धाराओं, नदियों व जलाशयों का संरक्षण एवं सवंर्द्धन की कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होने सिचाई विभाग के अधिकारियों को कल्याणी नदी के पुर्नजीवितीकरण कार्य योजना बनाने के साथ ही अन्य नदियों, तालाबों व् जलाशयों के डिसिल्टिंग व् सफाई कार्य, जिन स्थानों पर भूजल स्तर गिर रहा है उन क्षेत्रों को चिन्हित कर रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक निर्माण कार्य तथा अधिक से अधिक पौधारोपण आदि कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास



अधिकारी ने जल संरक्षण संवर्द्धन के लघुकालीन व दीर्घकालीन प्रस्ताव बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कार्य योजना साइंटिफिक तरीके से बनाया जाए जिसमें रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग किया जाये।बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, पेयजल निगम सुनील जोशी, नलकूप आरके सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई विशाल प्रसाद, सुधीर कुमार, सहायक अभियंता जिला पंचायत मोहन सिंह बिष्ट, जल संस्थान एलएम पाण्डे, एडीपआरओ महेश कुमार, वरिष्ठ निरीक्षण मत्स्य रविन्द्र कुमार, जीआईएस एक्सपर्ट डॉ.तंसीर आलम खान आदि मौजूद थे।

# नारी सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ कार्य कर रही उत्तराखंड सरकार : राधा रतूड़ी

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विकास कार्यों की ली जानकारी

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव उत्तराखंड राधा रतूडी शनिवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंची। मुख्य सचिव उत्तराखंड राधा रतूडी ने उत्तराखंड प्रशासन अकादमी में जिला प्रशासन के अधिकारियों से जिले में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग व्यक्ति को पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही विभागीय अधिकारी सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, जिससे शहरी और ग्रामीणों इलाकों के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि बरसात का सीजन होने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के अनुसार अभियान के तहत सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाएगा। जिसकी तैयारी कर ली गयी है। हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत प्रदेश में जल्द निकाय चुनाव कराएं जाएंगे। कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर राज्य



सरकार,पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है। साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार और पुलिस लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा भी निर्देश दिए गए है कि महिला अपराध या अन्य ऐसे मामलों में पहले एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्यवाही करने की बात कही है। कहा कि महिला सशक्तिकरण को सरकार विभिन्न योजनाओं के साथ कार्य कर रही है। जिसमें नारी सशक्तिकरण योजना के तहत महिलाओं को प्रोजेक्ट कास्ट का 30 प्रतिशत या एक लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। साथ ही महिला समूहों को 5 लाख तक ऋृण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना,महिला पोषण अभियान,नंदा गौरा आदि योजनाओं से शुरु की गयी हैं। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त/ सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, एसपी सिटी हरबंस सिंह, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मरकाना आदि मौजूद रहे।

# स्टार्ट इंस्टीट्यूट में स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में श्रीमती अलिका गुप्ता के सौजन्य से स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी , मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक सुधा एवं अलिका गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थान के दिव्यांग



बच्चों ने मिलकर स्वागत गीत गाकर सभी का स्वागत किया । संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी द्वारा संस्थान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया इसके बाद वर्कशॉप कार्यशाला प्रारंभ की गई कार्यशाला में बच्चों व अभिभावकों को ब्लॉक प्रिंटिंग व टाई एंड डाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी । बच्चों व अभिभावकों ने इसमें बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर माधवी अवस्थी, श्रीमती निधि अग्रवाल, श्रीमती शकुंतला मेहता, श्रीमती प्रेमा पुजारी, संगीता सरकार, अभिभावक व विशेष आवश्यकता वाले बच्चे उपस्थित थे।

# सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी देते हैं गणेश उत्सव: ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गंगापुर रोड स्थित स्वर्णिम हिल व्यू सिटी में गणेश महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। इसके अलावा गांधी कालोनी में आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव एवं श्याम संकीर्तन का भी पूर्व विधायक ने पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ किया। इसके अलावा कई स्थानों पर आयोजित गणेश महोत्सवों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। गणेश उत्सवों में पहुंचने पर ठुकराल को आयोजकों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने सभी को गणेश उत्सव की बधाई देते हुए सभी के सुखमय जीवन की कामना की। गणेश महोत्सव में पूर्व विधायक ने कहा कि हिंदू धर्म में गणेशजी प्रथम पूजनीय हैं। गणेश उत्सव आज





तराई में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तराई कौमी एकता का गुलदस्ता है, यहां पर सभी पर्वों को आपसी सदभाव और प्रेम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव की धूम आज घर घर में है। पूरा माहौल गणपति की भक्ति में डूबा है। ठुकराल ने बताया कि गणपति उत्सव की शुरूआत 1893 में महाराष्ट्र से हुई थी। लोक मान्य बाल गंगाधर तिलक ने इसकी शुरूआत की थी। इससे पहले गणपति उत्सव घरों तक ही सीमित था। 1893 के बाद गणेश उत्सव सार्वजनिक रूप से बड़े बड़े कार्यक्रमों में मनाये जाने की शुरूआत हुई। उस समय गणेश उत्सवों ने आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई। साथ ही जातिगत भेदभाव की विचारधारा को भी समाप्त कर सामाजिक सदभाव की भावना जाग्रत करने का काम किया। आज भी यह पर्व समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। स्वर्णिम हिल व्यू सिटी में आयोजित कार्यक्रम में तरूण चुघ, अजय यादव, रोहित कालड़ा, पूर्व प्रधान देव करण, हरिओम सिंह, देव करन गंगवार, अशोक तिवारी, सुरेन्द्र सिंह बंटी कोली, इन्द्रपाल वर्मा, सुरेश मिश्रा, अवधेश सिंह, विनोद वर्मा, प्रभाष मण्डल, राहुल मिश्रा, सुनील मिश्रा, अनिल मिश्रा, पृथ्वी विश्वास, राजेन्द्र बोरा, अशोक कुमार, मृत्युंजय सिंह, प्रकाश त्रिपाठी, केशव पनेरू आदि मौजूद थे। वहीं गांधी कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, बंटी कोली, बंटी राजौरिया, संजय यादव, अजय कुमार, अभिषेक यादव, रोहन देवल, हैप्पी चौहान, राहुल कुमार, अशोक राजपूत, मनोज राजपूत, हितेश राजपूत, दीपेंशु लोहनी, आकाश लोहनी, दीपक यादव, हर्ष शर्मा, विनीत देवल, राजेश देवल, अमित देवल, विक्की कुमार, आशु देवल, रोहित यादव आदि शामिल थे।

# पत्रकार प्रमोद धींगरा के आवास में विराजमान हुए गणपति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पत्रकार प्रमोद धींगरा के विष्णुपुरी गली नंबर दस स्थित आवास में श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर श्री गणपति जी महाराज का पुष्प वर्षा के साथ परिजनों व उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा जयघोषों के बीच जोरदार स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात श्री गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से सुसज्जित आसन पर स्थापना की गई। प्रात:काल आरती के पश्चात एवं सायं काल महिलाओं द्वारा श्री गणपति जी महाराज के भजन गाकर उनकी महिमा का गुणगान किया गया। भगवान श्री गणेश, शिव शंकर, मां दुर्गा, श्री कृष्ण के भजनों की धुन में ढ़ोलक की थाप के साथ महिलाओं ने तालियां बजाते हुए भक्ति में मग्न होकर नृत्य भी किया। जिसके पश्चात आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। आज प्रात:



भी श्री गणपति जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरित हुआ। आज सायं भी महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। कल 9 सितंबर को प्रात: श्री गणपति जी महाराज की पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया जायेगा। प्रतिमा स्थापना, पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन के दौरान इंद्रसेन धींगरा, प्रमोद धींगरा, सौरभ धींगरा, आशीष धींगरा, अनु धींगरा, गगनदीप धींगरा, मीत धींगरा, जसप्रीत कौर गुजराल, अनीता धींगरा, रानी धींगरा, मनी धींगरा, कीर्ति धींगरा, पूनम धींगरा, आशा तलवार, ममता धींगरा, नीलम सिडाना, नीरू सडाना, नीलम आहूजा, अंकिता आहूजा, सिम्मी आहूजा, आराधना अग्रवाल, मीनू गुलाटी, भारती धींगरा, प्रमिला राजपाल, प्रीति अग्रवाल, बीना अग्रवाल, प्रिया धींगरा, नायरा गुप्ता, सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। अंत में श्री गणपति महाराज जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

# अलग अलग मामलों में दस लोगों पर केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में दी गई तहरीर के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। दहेज उत्पीड़न के मामले में सुनीता पाल पुत्री समर पाल निवासी हाथी खाना पुराना बरेली रोड किच्छा द्वारा पुलिस को दी गई तरीर तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने जिनमें प्रवीण पुत्र विकास पाल पुत्र आत्माराम निवासी बगवाड़ा रुद्रपुर आत्माराम पुत्र ना मालूम, रानी देवी पत्नी आत्माराम ,जेठ अनूप पाल पुत्र आत्माराम, जेठानी ज्योति ,पूजा पाल पत्नी आत्माराम निवासी रुद्रपुर पर दहेज के लिए प्रसारित करना मारपीट गाजी गलौज जान से मारने की धमकी देना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।एक अन्य घटना मै राजन कालरा पुत्र श्री सतपाल कालरा निवासी विवेकानंद नगर आवास विकास रूद्रपुर की तहरीर पर संतलाल कालरा पुत्र लालचंद कालरा निवासी मुजरा मिल्क थाना किच्छा, पंकज कालरा पुत्र शंकर निवासी मिल्क थाना किच्छा, रजत कला मिल्क थाना किच्छा तथा एक अन्य अज्ञात के खिलाफ मारपीट गाली गलौज अभद्र भाषा का प्रयोग करने की तहरीर के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।




# भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यकर्ता बुलंद करें आवाज: बेहड़

## नौ सितम्बर को रुद्रपुर चलो का किया आहवान

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय में विधानसभा किच्छा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्भोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है, कानून व्यवस्था चरमराई हुयी है महिलाओं पर अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है,महिलाओं से बलात्कार के कई मामले हुए है,ओवर लोडिंग के कारण मार्ग दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है सैकड़ों लोग अपनी जान गवां चुके हैं। उधम सिंह नगर जनपद की स्थिति तो बहुत ज्यादा बदतर है,अपराधियों में कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं है ।प्रदेश और जिले की इन्ही बिगडती व्यवस्था के खिलाफ 9 सितम्बर को रुद्रपुर चलो के तहत जिला उधम सिंह नगर में कांग्रेस पार्टी रुद्रपुर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव का व एक विशाल प्रदर्शन करेगी जिसमें जिले के सभी विधायक व प्रदेश व जिला कांग्रेस के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम



में भारी संख्या में ब्लाक व नगर के कांग्रेस कार्यकर्त्ता पहुचें,बेहड़ ने उपस्थित किच्छा विधानसभा से सभी कांग्रेस पधाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया। इससे पूर्व विधायक बेहड़ ने रुद्रपुर आवास विकास में जिला काँग्रेस के कार्यकर्ताओं से भी एक बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में 9 सितम्बर को रुद्रपुर चलो का आहवान किया। इस दौरान ब्लाक व नगर के भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस दौरान किच्छा कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, पंतनगर काँग्रेस अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ,राजेश प्रताप सिंह,जनार्दन सिंह, ओम प्रकाश दुआ,विनोद पन्त,ओम प्रकाश गंगवार,दलीप सिंह बिष्ट,मोंटी ,हरविंदर सिंह,बंटी गाबा,जगदीश सिंह,तीरथ मुंजाल,लक्षमण बांगा,शरीफ हाजी,अजीत सचदेवा,सैदुल रहमान, आरिफ कुरैशी, यामिन अंसारी,सुनील ठाकुर, मोहम्मद आरिफ,रणजीत,अंकुश गुम्बर, अक्षय बावा,राजकुमार पण्डे, संतोष ठाकुर, दानिश मलिक, नंदलाल, धर्मेंद्र सिंधी, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, बलविंदर सिंह, सुनीता कश्यप,बलवीर सिंह ,हरभजन सिंह ,नजाकत खान, फरसत खान,इन्तजार मलिक,राजेन्द्र दास, शिशुपाल सिंह, आरती, प्रेमा भट्ट,जस्सी देओल,एन यू खान,ताहिर, जमील एहमद, डाक्टर कार्तिक,जीवन जोशी,दलजीत कक्कड़ ,हसीब अहमद, अकरम खान ,फजील मलिक,सूरज पाल ,अनिल आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्मैक का कारोबार करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने अवैध स्मैक का कारोबार करने वाले नशा तस्कर को लाखों रुपए कीमत की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस द्वारा एक नशा तस्कर को 13.34 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उप निरीक्षक विरेंद्र चंद्र द्वारा साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल भूपेन्द्र



जेष्ठा, सुनील कुमार, महबूब अली के साथ चौकिंग के दौरान गोला पार्किंग बनभूलपुरा के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अमन सिद्दीकी पुत्र आफताब सिद्दीकी निवासी वार्ड 24 गफूर बस्ती थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 13.34 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर अमन से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ललित और प्रियांशु का राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों ललित जोशी तथा प्रियांशु चंद्र कांडपाल ने जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जीत हासिल करते हुए राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है।इस अवसर उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा सहित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने दोनों विद्यार्थियों तथा शारीरिक



प्रशिक्षक महेंद्र कुमार भारद्वाज को हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल ने शारीरिक प्रशिक्षक महेंद्र कुमार भारद्वाज को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए दोनों विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंडर-17 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खटीमा की टीम चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंडर 17 बालक वर्की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर में हुआ। इस प्रतियोगिता में विकासखंड जसपुर, काशीपुर ,बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, खटीमा और सितारगंज की टीमों ने प्रतिभा किया।पहला मुकाबला खटीमा और जसपुर के मध्य खेला गया। जसपुर ने पहले खेलते हुए 5 विकेट पर 53 रन बनाएं जवाब में खटीमा की टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया और नौ विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच काशीपुर और सितारगंज के मध्य खेला गया। काशीपुर ने एक विकेट पर 72 रन बनाए ।लक्ष्य का पीछा करते हुए सितारगंज की पूरी टीम 35 रनो पर आउट हो गई। यह मैच काशीपुर ने 37 रन से



जीत लिया। हां आज का तीसरा मैच रुद्रपुर और गदरपुर के मध्य खेला गया रुद्रपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए जवाब में गदरपुर की टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गए। पहला सेमीफाइनल मैच खटीमा और बाजपुर के मध्य खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच खटीमा ने पहले खेलते हुए 110 रन बनाएं लक्ष का पीछा करने उतरी बाजपुर की टीम मात्र 29 रन बना सके। दूसरा सेमी फाइनल मैच रुद्रपुर और काशीपुर के मध्य खेला गया रुद्रपुर में 72 रन बनाए जवाब में काशीपुर की टीम 40 रन पर ऑल आउट हो गई। फाइनल मुकाबला खटीमा और रुद्रपुर के मत खेला गया रुद्रपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 24 रन बनाए। जवाब में खटीमा की टीम ने बिना विकेट खोए 25 रनों का लक्ष्य प्राप्त मैच 10 विकेट से जीतकर अंडर 17 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन बनी। निर्णायक की भूमिका प्रिंस और संतोष तमता ऑनलाइन स्कोरिंग दिनेश पांडे द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला खेल समन्वक लक्ष्मण सिंह टाकुली, जिला खेल समन्वयक (बेसिक) राजेंद्र सिंह भाकुनी, नूर आलम, डीपी सिंह ,चिदंबरम जोशी और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। जिला खेल समझ में लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने बताया कि इस जिला क्रिकेट प्रतियोगिता से जिले की टीम का चयन किया जाएगा जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेलने के लिए देहरादून जाएगी।

# बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में शनिवार को काशीपुर स्थित प्रशान्त पब्लिक स्कूल में बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा बालिकाओं को स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय, पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, गुड-टच बैड-टच के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के सम्बन्ध में जानकारी दी। सभी बालिकाओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी रखने के साथ-साथ जागरूक नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया तथा उन्हें अवगत कराया कि किसी भी प्रकार का बाल उत्पीड़न का मामला संज्ञान में आने पर 1098, 112 नम्बर पर तत्काल कॉल किया जा सकता हैं तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट पर पॉक्सो-ई बॉक्स के माध्यम



से भी शिकायत की जा सकती हैं। जागरूकता शिविर में पुलिस विभाग द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी तथा चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर चाँदनी रावत द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अवगत कराया कि चाइल्ड हेल्पलाइन बच्चों के लिए निशुल्क आपातकालीन सेवा हैं तथा जरूरतमंद बच्चों, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को काउंसलिंग भी प्रदान की जाती हैं। सदस्य बाल कल्याण समिति हरनीत कौर द्वारा बाल कल्याण समिति के संबंध में जानकारी दी गयी। शिविर में किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में अनमोल फाउंडेशन, पुलिस विभाग, विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक आदि मौजूदरहें।

# अम्बेडकर युवा मंच ने किया एसएसपी का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भीम राव अम्बेडकर युवा मंच के पदाधिकारियों ने आज जनपद के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मंच के पदाधिकारियों ने एसएसपी श्री मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर उन्हें बाबा भीमराव अम्बेडकर का चित्र स्मृति स्वरूप प्रदान किया। साथ ही मंच के पदाधिकारियों ने एसएसपी को एक ज्ञापन भी सोंपा जिसमें उनसे आग्रह किया गया कि गदरपुर के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री अरविन्द पाण्डेय को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर दी गई जान से मारने की धमकी के मामले को गंभीरता से लेकर उसका पता लगाकर गिरफ्तार करने और श्री पाण्डेय को पर्यात सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई। इस दौरान दीपक कुमार, सुशील कुमार, संजीव गुप्ता, शैलेन्द्र कोली,



विकास बंसल, प्रदीप सागर, राजू राजौरिया, जितेन्द्र सागर, विशाल मेहरा, शुभम गुप्ता, विजय गुप्ता, किरनपाल सिंह, हिम्मत राम, सोनू सक्सेना, रोहित, मुख्तार अहमद आदि मौजूद थे। इसके पश्चात भीम राव अम्बेडकर युवा मंच के पदाधिकारियों ने गदरपुर के विधायक एवं प्रदेश के पूर्व काबीना मंत्री अरविन्द पाण्डेय को धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

# उषा रानी के आकस्मिक निधन पर किया नेत्रदान

## किन्ही दो लोगों के जीवन में आएगी रोशनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 6 आवास विकास गदरपुर निवासी विपिन बवेजा की माता जी श्रीमती ऊषा रानी बवेजा का आकस्मिक निधन हो गया। दुख



की घड़ी में भी उनके पुत्र विपिन बवेजा ने वरिष्ठ समाज सेवी निर्मल नारंग से माता जी के नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। तत्पश्चात क्षेत्र की नेत्रदान में अग्रणी संस्था सोचो डिफरेंट से संपर्क कर सी आर मित्तल नेत्रदान केंद्र के माध्यम से नेत्रदान कर सुशीला तिवारी स्थित अर्जुन आई बैंक भेजे गए अब माता जी के नेत्रों से किन्ही दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी इस दौरान नगर की विभिन्न संस्थाओं व्यापार मंडल, जय भवानी जागरण मंडल,जियो जिंदगी, सोचो डिफरेंट आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बाजपुर चिकित्सालय के लिए 59.67 लाख की धनराशि अनुमोदित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बाजपुर उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक लेते हुए कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजपुर को उच्चीकृत कर सरकार द्वारा उप जिला चिकित्सालय बनाया गया है इसलिए चिकित्सालय में मरीजों को सभी सुविधाएं व दवाएं मुहैया करायी जाएं। चिकित्सा प्रबंधन समिति द्वारा चालू वित्तीय वर्ष हेतु चिकित्सालय की सुचारू व्यवस्थाओं के लिए 59.67 लाख की धनराशि की अनुमोदित की। समिति द्वारा चिकित्सालय को सीएमएसडी द्वारा जो औषधियां पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही हैं उन्हें स्थानीय



स्तर से क्रय करने की भी स्वीकृति दी गयी, साथ ही चिकित्सालय में पार्किंग को ठेके में देने, मरीजों के लिए औषधि ,सर्जिकल सामग्री खरीदने हेतु 1 लाख 6 हजार धनराशि अनुमोदित की गयी। समिति द्वारा चिकित्सालय में सफाई हेतु दैनिक मजदूरी पर दो कार्मिक रखने की भी स्वीकृति दी गयी साथ ही चिकित्सालय परिसर में जलभराव निवारण हेतु सिंचाई विभाग से आंगणन बनाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने दिए। समिति के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता अमित सैनी ने कहा कि चिकित्सालय में 2007 में पोस्टमार्टम हाउस बना हुआ है, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस में सर्जन व कर्मचारी तैनात करने के साथ ही कोविड दौरान चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट को उपयोग में लाने व चिकित्सालय में महिला चिकित्सक गायनेकोलॉजिस्ट की तैनाती का अनुरोध किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, पीएमएस जिला चिकित्सालय डॉ. के.के.अग्रवाल, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, एसीएमओ डॉ. एस.पी.सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बाजपुर चिकित्सालय डॉ. पी. डी.गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कमल किशोर भट्ट, विधायक प्रतिनिधि डी.के. जोशी, सचिव आईएमए बाजपुर डॉ. विरेन्द्र सिंह, डॉ. विनय यादव, चीफ फार्मासिस्ट मुकेश कुमार, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रीना सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बाजपुर मनोज दास आदि थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गोतस्करी पर अंकुश

देश के कई राज्यों में प्रतिबंधित गौमांस की बढ़ती तस्करी गोरक्षा के नाम पर होने वाली भीड़ हिंसा को लेकर तीखे सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में गोतस्कर होने के शक में एक उन्नीस वर्षीय युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पूछा जा रहा है कि गोरक्षा के नाम पर किसी को जान से मार देने का हक आखिर इन रक्षकों को किसने दिया है। उन्हें शह और संरक्षण कहां से मिलता है। फरीदाबाद की घटना करीब दस दिन पुरानी है। इस संबंध में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतफहमी की वजह से गोली चला दी। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ गोतस्कर गाय ले जाने की योजना बना रहे हैं। उसी के आधार पर उन्होंने नजर रखनी शुरू की। जब उन्हें एक गाड़ी पर शक हुआ और उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह और तेज दौड़ने लगी। इसलिए उन्होंने गोली चला दी और उसमें एक युवक मारा गया। इस घटना के बाद चरखी-दादरी में एक कचरा बीनने वाले व्यक्ति को इस शक के आधार पर जान से मार डाला गया कि वह गोमांस खा रहा था। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में एक बुजुर्ग को कुछ युवकों ने गोमांस रखने के शक में बुरी तरह पीटा। गोतस्करी और गोमांस की बिक्री रोकने के लिए हिंसा की घटनाएं हरियाणा सहित कई राज्यों में बढ़ी हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें गोतस्करी का आरोप लगा कर भीड़ या फिर गोरक्षा दल के सदस्यों ने कई लोगों को पीट-पीट कर मार डाला। कुछ घटनाएं, तो बहुत वीभत्स थीं, जिनमें हिंसा करने वालों ने तस्वीरें बना कर सार्वजनिक की। उनसे यही जाहिर हुआ कि गोरक्षा उनके लिए आस्था का नहीं, बल्कि उन्माद प्रदर्शन का मामला है। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि भाजपा शासित राज्यों में गोतस्करी, गोमांस की बिक्री आदि पर रोक है। इसके लिए कड़े कानून हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गोरक्षकों को उन कानूनों से प्रोत्साहन मिलता है। गौवशों और गाय के प्रति उनमें आस्था है, इसलिए वे इस तरह गोतस्करी, गोमांस की बिक्री और उपभोग को बर्दाश्त नहीं कर पाते। गौशालाओं की व्यवस्थाओं को भी बेतहर करने की योजनायें महज भाषणों तक सीमित रहती है। हांलाकि हिंदू धर्म में गाय के प्रति किसी की आस्था और उसकी रक्षा पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर सवाल है कि इस आधार पर किसी को किसी की हत्या कर देने का अधिकार कैसे मिल सकता है। बहुत सारे लोगों की नाराजगी इस बात से है कि गोरक्षकों के उत्पात पर संबंधित राज्यों की पुलिस का रवैया न्यायपूर्ण नजर नहीं आता। सवाल है कि जिन राज्यों में गोरक्षा संबंधी कानून लागू हैं, वहां इसकी जिम्मेदारी पुलिस के बजाय गोरक्षा दल के लोगों को क्यों निभानी पड़ रही है। वहां गौवशों की सुरक्षा और पशुपालन की कितनी सुविधायें विकसित की जा रही है। करीब पांच वर्ष पूर्व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस बात पर हरियाणा पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी कि गोतस्करी के मामलों में दोष सिद्धि की दर इतनी कम क्यों है। जिन मामलों में गोतस्करी के नाम पर लोगों की हत्या कर दी गई, उनमें आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई उल्लेखनीय कार्रवाई की हो, ऐसा एक भी उदाहरण नजर नहीं आता। आखिर पुलिस किसी को कानून अपने हाथ में लेने की छूट कैसे दे सकती है। जाहिर है, पुलिस की इस शिथिलता और गोरक्षा के नाम पर हिंसा करने वालों के प्रति उसकी नरमी का ही नतीजा है कि ऐसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने निकाली रैली

किच्छा। नगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सही पोषण देश रोशन अभियान के तहत रैली निकाल कर पोषण के प्रति लोगों को जागरूक किया। नगर की तमाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के वार्ड 16 में एकत्रित होकर गली-गली मोहल्ले



जाकर लोगों को सही पोषण की जानकारी दी। इस दौरान दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में स्लोगन युक्त पट्टियां भी ले रखी थी। इस अवसर पर धन्ना देवी,अनीता समकारिया, सरिता, नीतू, रानी नीतू सिंह ,हेमा, पिंकी, बिना, चंद्रकला, प्रतिभा राय, हंस, कुसुमलता,सुनीता, उन्नति शर्मा, रिचा सक्सैना, सुदेश सेतिया आदि उपस्थित थे।

# किन्नरों ने धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

## हनुमान मंदिर में घंटा चढ़ा कर पूजा अर्चना कर की देश की खुशहाली की कामना





किच्छा(उद संवाददाता)। भारतवर्ष से एकत्रित हुए किन्नरों के सम्मेलन के 9वें दिन किन्नरों द्वारा एक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी । इस दौरान हल्द्वानी रोड स्थित हनुमान मंदिर में घंटा चढ़ा कर पूजा अर्चना करते हुए देश की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की गयी। शहर में देश के तमाम हिस्सों से आए किन्नरों का एक सम्मेलन चल रहा है जिसमें किन्नरों की विभिन्न समस्याओं के अलावा अन्य मुद्दों पर सामंजस्य बनाने हेतु विचार विमर्श किया जा रहा है। सम्मेलन के 9वें दिन सभी किन्नरों ने नगर में दरऊ रोड चौराहे से कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यहां से सभी किन्नर कलश लेकर नृत्य करते हुए डीडी चौक पहुंचे, डीडी चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान मंदिर में घंटा अर्पित कर पूजा अर्चना की तथा मंदिर के पुजारी से आशीर्वाद ग्रहण किया। यहां पर सभी किन्नरों ने विधि विधान से हनुमान जी पूजा की तथा देश की खुशहाली तथा समृद्धि के अलावा देश की जनता को सुख शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके उपरांत सभी किन्नरों ने यहां पर नृत्य भी किया। कलश यात्रा का नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। डीडी चौक पर राजीव अग्रवाल द्वारा तथा महाराणा प्रताप चौक पर सभी व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की हुई थी तथा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा स्वयं किन्नरों की कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से भूरी सपना, पायल दीक्षित, आँचल, सपना, आरुषि मिश्रा, शिवानी, लवली, मीना कुमारी, सानिया, सोनिया, बिजली रानी, कंचन, सीमा नायक, शालू छाबड़ा, रेखा,चांदनी, नागन शाह, कजरी, पायल, डिम्पल आदि सहित बड़ी संख्या में किन्नर मौजूद थे।

## जिले में गणेश महोत्सव की धूम ,विधायक ने किया शुभारंभ

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में गणेश महोत्सव की धूम है।जय गणेश की धुन में भक्तो ने आयोजन स्थल से सरयू और गोमती सहित अन्य समण मंदिर के समीप सरयू तट तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। विधायक पार्वती दास ने महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने गणेश की पूजा





सहायक नदियों में अलग अलग स्थानों में भव्य कलश यात्रा के साथ गणेश भगवान की मूर्ति की शुद्धि की गई। शनिवार की सुबह बिलौना के भगवती मंदिर परिसर के आयोजन स्थल से अर्चना की। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव, महेंद्र सिंह दफौटी, पंडित भुवन कांडपाल, कैलाश गढ़िया, हरीश सुयाल, विक्की सुयाल, लक्षमण सिंह घनौला, खिला देवी, हेमा देवी, बसंती देवी, राधा देवी आदि उपस्थित थे।इधर, बागनाथ मंदिर में स्वर्णकार समिति द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव का स्थानीय विधायकपार्वती दास ने शुभारंभ किया।यहां नवागत पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, व्यापार मंडल प्रदेश मंत्री हरीश सोनी,गणेश दत्त जोशी, सचिन रस्तोगी, अमित, राहुल, भारत, उमेश लाल साह, बसंत वर्मा, ऋतुराज वर्मा, संजू वर्मा, नवीन वर्मा आदि उपस्थित थे। इससे पूर्व भक्तों ने बागनाथ मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना की। पूजा अर्चना के साथ गणेश महोत्स्व शुरू हो गया है।

## मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है, पुलिस को दी तहरीर में चन्दन सिंह पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम करघटा थाना सितारगंज जिला उधमसिंह नगर ने आरोप लगाया कि 2 सितंबर को उसका भाई तेज सिंह व उसका दोस्त अरूण सिंह खटीमा से घर की ओर अपनी मोटर साईकिल से आ रहे थे कि सिसईखेड़ा चौराहे के समीप मेरे भाई ने मेडिकल स्टोर सिसईखेडा के सामने अपनी मोटर साईकिल को रोका और अरूण अपनी पत्नी की दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर में गया और दवा खरीदने लगा और भाई तेज सिंह सडक किनारे मोटर साईकिल में बैठा था कि वहाँ पर अचानक बलविन्दर सिंह उर्फ शेरी पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खेमपुर थाना नानकमत्ता ,पलविन्दर सिंह उर्फ पप्पू व इसका भाई सुक्खी सिंह पुत्र स्वरूप सिह निवासी पचपेड़ा भट्टा नानकमत्ता,लक्की पुत्र अमृत सिंह निवासी कल्याणपुर लाठी,डण्डे व धारदार हथियार लेकर आये और तेज सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में मेरे भाई के गम्भीर चोटें आई है, भाई का साथी अरूण उसे बचाने के लिए आया तो उक्त लोगो ने उसके साथ भी मारपीट की, पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चन्द्रशेखर आर घोड़के ने संभाली बागेश्वर पुलिस की कमान

## जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए चलेगा सत्यापन अभियान, नशा तस्करों व अपराधियों पर होगी कड़ी कार्यवाही

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर आर घोड़के (आईपीएस) ने शनिवार को बागेश्वर पहुचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।श्री घोड़के द्वारा जनपद आगमन पर प्रचीन बाबा बागनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्द सलामी ग्रहण करने के पश्चात बागेश्वर जिले के एसपी का पदभार ग्रहण किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री घोड़के ने जनपद बागेश्वर का कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नगर बागेश्वर के सभी प्रिन्ट/इलैक्ट्रॉनिक एवं पोर्टल मीडिया से पहली प्रेस वार्ता आयोजित की। वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के साथ जनशिकायतों पर त्वरित कार्यवाई की जायेगी। महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस प्रशासन तत्परता से कार्ययोजना तैयार करेगी। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में प्रवेश करने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के लिए सभी क्षेत्रवासियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज व युवाओं को नशे से बचाना एवं नशे के जाल में फॅसे युवाओं को नशे से उबारकर मुख्य धारा में जोड़ना उनकी प्राथमिकता में शामिल है, साथ ही कानून एवं ट्रैफिक व्यवस्था, साईबर अपराध, महिला सुरक्षा, स्कूलों, कॉलेजों, कस्बों, ग्रामीण इलाकों आदि में वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाना एवं अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता रखते हुए जनता के हित में कार्य कर बागेश्वर पुलिस की छवि को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही गयी। मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भैंट की गयी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने बागेश्वर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बागेश्वर का भ्रमण /निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपने कार्यालय में




पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य नशा मुक्त बनाना है जिसके तहत जनपद में इस दिशा में प्रयास किया जाएगा तथाअवैध रूप से नशे का काला कारोबार करने वालों पर नकेल कसने, किसी भी रूप से कानून व्यवस्था को कमजोर समझने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। वही नशेड़ियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनपद में स्मैक व चरस और अवैध शराब का आरोबार करने वालों की वजह से नशा तेजी से बढ़ रहा है जिसे रोकने के लिए प्रत्येक थानाध्यक्ष को आदेश दिए हैं तथा एसओजी को सक्रिय किया गया है। कहा कि पहाड़ों में तंग सड़कों व बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते यातायात की व्यवस्था सुधारना एक प्रमुख कार्य है जिसके लिए निरीक्षण किया जाएगा व आवश्यक उपाय किए जाएंगे ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस की सफलता जन सहयोग पर निर्भर रहती है इसलिए जनता से सहयोग लिया जाएगा व गोपनीय सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान उनके साथ पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाईन का निरीक्षण किया जहां उनको प्रतिसार निरीक्षक प्रताप सिंह नेगी के नेतृत्व में गार्ड आफ आनर दिया गया। गत माह में हुई आपराधिक घटनाओं और छात्र संगठनों में हुए मारपीट के मामले में मुकदमे के बाद आंदोलन होने पर मीडिया के एक सवाल के जबाब में जिले में बेहतर पुलिस व्यवस्था और कानून को कमजोर करने की कोशिश और किसी भी बेकसूर के साथ किसी प्रकार का अन्याय नही होने, साथ ही जिले में खुद भी विश्वस्त सूत्रों और गोपनीय तरीके से कार्यक्षेत्र में यदि किसी के द्वारा लापरवाही पाई जाएगी तो जांच कराकर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। वही मीडिया बंधुओ से जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए सहयोग और निजी तौर पर सूचना देने और बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि जनपद में जिला न्यायालय परिसर में जजी कर्मचारी के आवास में हुए चोरी के खुलासे का प्रयास किया जाएगा।

# जिलाधिकारी बागेश्वर आशीष भटगाई ने संभाला कार्यभार

## विकास कार्यो की मॉनिटरिंग और विभागों को पारदर्शिता,समयबद्धता और डोकोमेंशन करने की हिदायत दी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने शनिवार को बागेश्वर जिले के बीसवें जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कोषागार में द्वितालक का चार्ज भी लिया। इसके बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए प्रयास किए जाएंगे साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल पर जनता को मिले इसके लिए समयबदधता के साथ कार्य किया जाएगा। नवागन्तुक जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए नव नियुक्त जिलाधिकारी ने कहा कि पहाड़ में स्वास्थ्य व शिक्षा की प्रमुख समस्या है जिसे दूर करने के लिए इस पर फोकस के साथ कार्य किया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को यहीं मिले इसके लिए प्रयास किए जाएंगे साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों समेत शिक्षकों की समयबदधता पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक कार्य में समयबदधता का ध्यान रखा जाएगा व टीम भावना से



कार्य किया जाएगा। कहा कि अवैध खनन व अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि बागेश्वर को विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जाये। डीएम का पदभार संभालने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए प्रयास किए जाएंगे साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ धरातल पर जनता को मिले इसके लिए समयबदधता के साथ कार्य किया जाएगा। नवागन्तुक जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने जिला मुख्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान बागनाथ का आशीर्वाद लिया तदोपरांत कलेक्ट्रेट व कोषागार में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। जिले में पहुंचने पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी,अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, एसडीएम मोनिका, अनुराग आर्या ने डीएम की अगुवानी कर स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने कोषागार का निरीक्षण कर जानकारियां ली।जिसके बाद उन्होंने पत्रकार वार्ता की।मीडिया से मुखातिब होते हुए नवागत डीएम ने कहा कि वह 2017 बैच के आईएएस अधिकारी है,इससे पहले वह समाज कल्याण विभाग में निदेशक के पद पर और महाप्रबंधक बाजपुर सहकारी चीनी कंपनी,जीएम गदरपुर सहकारी चीनी मिल,कार्यकारी निदेशक किच्छा चीनी मिल,निदेशक, प्रशासन एवं निगरानी जीबीपीयूटी,मुख्य कार्मिक अधिकारी जीबीपीयूटी,प्रशासक, जिला सहकारी बैंक टिहरी,एडीएम उधम सिंहनगर, चमोली, बीई मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सम्मान एनआईटी इलाहाबाद, प्रयागराज,एमडी उत्तराखंड मंडी बोर्ड और निदेशक, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड,अतिरिक्त सीईओ, उत्तराखंड नागरिक उड्डयन,उड्डयन सीईओ, देहरादून स्मार्ट सिटी, मुख्य विकास अधिकारी,उधमसिंहनगर,पौड़ी, टिहरी, महाप्रबंधक,बाजपुर सहकारी चीनी के पद पर कार्यरत रहे। अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले के चहुमुखी विकास के लिए विशेष प्रयास किये जाएंगे। शिक्षा,स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र पर विशेष फोकस किया जाएगा। कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही होगी, आमजनता को सर्वसुलभ प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान की जाएगी, जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की निरन्तर मॉनिटरिंग कर विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रयास किए जाएंगे।राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किए जाएंगे। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान के लिए कार्य किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता और जीरो पेंडेंसी पर कार्य किए जाएंगे। सीएम हेल्पलाइन,1905, सीएम डैश बोर्ड की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम मोनिका, अनुराग आर्या,सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनधि उपस्थित रहे।

# डाबर प्राइवेट लिमिटेड में सिक्स सिग्मा के छात्र छात्राओं ने किया भ्रमण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। के प्रतिष्ठित फार्मेसी संस्थान सिक्स सिग्मा




कॉलेज ऑफ फार्मेसी रुद्रपुर के तृतीय वर्ष के फार्मेसी के छात्रों ने डाबर प्राइवेट लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत ध वन (ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र / छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए। डाबर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी विभिन्न प्रकार के तरल और अर्धठोस पदार्थों का निर्माण करती है। यह कंपनी टूथपेस्ट ,गुलाब जल, रियल जूस आदि का निर्माण करती है। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. व विशेष एक्सपर्ट द्वारा कराया गया जिसमें उन्होंने प्रोडक्शन विभाग, पैकेजिंग एवं मशीनों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी और अनेक प्रकार की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्र / छात्राओं को टूथपेस्ट तथा गुलाब जल के पैकिंग तथा बनाने के तरीके बताये और साथ ही साथ उनके उपयोग एवं उससे सम्बंधित जानकारी दी । छात्र / छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान के शिक्षक रोहित सिंह पडियार एवं श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ।

# एसएसपी को दी भावभीनी विदाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे मंजूनाथ टीसी का स्थानांतरण होने पर रविवार को समाजसेवी पुष्कर राज जैन ने उनके आवास पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पहार पहनाकर विदाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा की एक प्रक्रिया है। लेकिन



अपने कार्यकाल के दौरान अपनी कार्यशैली से लोगों के बीच अपनी साफ छवि की पहचान बनाना चुनौतीपूर्ण रहता है। उन्होंने कप्तान की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी पुष्पराज जैन, आशीष जैन , योगेश जैन आदि मौजूद रहे।

# दीपेंद्र कोश्यारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

सितारगंज /चोरगलिया(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के भतीजे व युवा भाजपा नेता दीपेन्द्र सिंह कोश्यारी का जन्मदिन कई जगह धूमधाम से मनाया गया। प्रात: लालकुंआ में कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। उसके उपरान्त गौलापार गंगापुर में निराश्रित बच्चों की पाठशाला में केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा बच्चों को पाठ्य सामग्री एंव खेल सामग्री वितरित की जिसमें अनेक भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी भी शामिल हुये। साथ में भाजपा नेता ललित आर्य, राजेन्द्र तिवारी, गजेन्द्र सामंत, बाबी सम्मल, मुकेश परगाई आदि लोग रहे। उसके उपरान्त वृद्ध आश्रम में फल व



कंबल वितरित किये। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश बिष्ट ने किया। उसके बाद चोरगलिया में भाजपा नेता ललित आर्य के आवास पर भव्य आयोजन के साथ जन्मदिन मनाया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो लोग, कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल हुये। कार्यक्रम में झोड़ा, चाचरी, भगतौल तथा गायकों द्वारा प्रस्तुति दी गई, चन्द्रशेखर आर्य द्वारा गुरू गोरखनाथ की जागर से कार्यक्रम की शुरुवात की। भीमताल से आईनन्दन कुमार की टीम ने प्रस्तुति से शमां बांध दिया तथा रेखा मेहरा के गीतों ने खूब उत्साह बड़ाया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, मुकेश परगाई, ललित मटियाली अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश राज, सहकारी समिति अध्यक्ष प्रकाश बेलवाल, भाजपा नेत्री जानकी कोहली, हेम चौसाली, बाबी सम्मल, रोहन चौधरी, गजेन्द्र सामंत, क्षेत्र पंचायत दीपक आर्य, मनीष कुमार, अनिल कुमार, महेन्द्र कुमार, हेम चौसाली आदि लोग थे। संचालन कमल कुमार ने किया।

# गणेश जी स्थापना पर दी शुभकामनाएं

गदरपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 3 भोला कॉलोनी शिशु मंदिर रोड पर गणेश ग्रुप द्वारा आयोजित विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की मूर्ति के स्थापना के अवसर पर सहभागिता कर श्रद्धालुओं द्वारा पुण्य लाभ अर्जित किया गया ।भोला कॉलोनी के सभी युवाओं और मातृ शक्ति को गणेश स्थापना की बधाई शुभकामना देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने पर आभार जताया गया।



## पेज एक का शेष...

**मिटने नहीं दूंगा...**श्री ठुकराल ने कहा कि यदि शासन प्रशासन को शहर में पार्किंग बनानी है तो इसके लिए सिब्बल सिनेमा के पास व सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि अंडर ग्राउंड पार्किंग के ऊपर लेंटर डाला जायेगा। जिस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि गांधी पार्क में होने वाले बड़े आयोजनों में पचास हजार लोग आते हैं क्या लेंटर इतनी भीड़ का बर्दाश्त कर पायेगा? श्री ठुकराल ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर राममनोहर लोहिया व समोसा मार्केट के पिछले कई दशकों से रोजगार कर रहे सैकड़ों व्यापारियों को उजाड दिया गया। तब से न तो उन्हें दुकाने ही दी गई और न ही मार्ग का चौडीकरण ही हुआ। व्यापार मंडल दअध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि करीब 7 वर्ष पूर्व एनएच विभाग द्वारा रोडवेज के सामने फ्लाई ओवर बनाने को मिट्टी के सेम्पल लिये गये थे जो फेल हो गये थे लेकिन आज उस स्थान से कुछ ही फीट दूर पुन: मिट्टी के सेम्पल लिए जा रहे हैं जो कैसे पास होंगे इस पर एक प्रश्न चिन्ह है। उन्होंने कहा कि गांधी पार्क को उजाड़ने के विरोध में सभी संगठनों को एकजुट कर सामूहिक रूप से लड़ाई लड़ी जायेगी। पत्रकार वार्ता में व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, संजीव गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह सरजू, ललित बिष्ट,सुखवंत सिंह विर्क, रंजीत सागर, दीपक सागर, बंटी कोली, बॉबी टुटेजा, सुशील सागर, राहुल सरीन आदि भी मौजूद रहे।

**चूड़िया लेकर ...** हैं, चाहे वो इनका मंडल अध्यक्ष हो, चाहे वो इनके विधायक का भाई हो या फिर दुग्ध संघ का अध्यक्ष हो महिला उत्पीड़न से लेकर अन्य अपराधों तक सरकार से जुड़े लोग देवभूमि को बर्बाद करने में तुले हुए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में देवभूमि लगातार शर्मसार हो रही है।

**11 हत्याओं का कुख्यात...**पहले ही पटना के रनिया थाने के बाहर एक खनन व्यापारी की गोली मारकर हत्या की थी। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए बिहार पुलिस ने एक विशेष कार्यबल दस्ता राज्य स्तर पर बनाया था। गिरफ्तारी के समय आरोपी होटल में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ठहरा था। इसी सूचना पर एसटीएफ ने लक्ष्मणझूला पुलिस के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ साल पहले गांव में रंजिशन उसके भाई और पिता की हत्या कर दी गई थी। बदला लेने के लिए उसने पिता-भाई की हत्या में शामिल लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने सुपारी लेकर हत्या करना शुरू कर दिया और जिला भोजपुर व झारखंड में खनन का काम करने लगा। इस दौरान भी उसने कई लोगों की हत्या की और कई की हत्या के प्रयास किये। इसके अलावा आरोपी रंगदारी और फिरौती के लिए अपहरण भी करने लगा।

**मंदिर से चांदी...**रिसीव नहीं की। रविवार को मंदिर में चोरी की घटना को लेकर डॉक्टर निशांत पपनै सहित कुछ लोग कोतवाली पहुंचे और उन्होंने मंदिर में हुई चोरी की घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लगातार चोरी के बाद चोरों की गिरफ्तारी न होने से स्पष्ट है कि चोरों में पुलिस का खौफ नहीं है। बता दें शुक्रवार की रात ग्राम चोरपानी में स्थित चित्रकूट मंदिर में भी अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की तार काटकर वहां भी चोरी कर ली थी। मंदिर में चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में काफी रोष पुलिस के खिलाफ पनप रहा है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने आश्वासन दिया कि चोरियों का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

**रूदपुर प्रेस क्लब...** सामना करना पड़ रहा है। यातायात के सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ थाना पुलिस की विजिबिलिटी को भी बढ़ाया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात को अवरूद्ध करने का काम कर रहे ठेला फड़ व्यापारियों के वेरिफिकेशन के लिए आजकल में अभियान चलाया जाएगा। मुलाकात के दौरान एसएसपी श्री मिश्र ने मीडिया के साथ पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शोभा यात्रा के साथ सिडकुल चौक में गणेश प्रतिमा की स्थापना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल चौक पर गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गत सायं आयोजन समिति द्वारा श्री गणपति महाराज की नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार होते हुए अनेक मार्गों गुजरकर नैनीताल मार्ग पर सिडकुल चौक पहुची जहां विधि विधान से प्रतिमा को विराजमान किया गया। पं. भैरव दत्त शर्मा द्वारा कार्यक्रम के मुख्य जजमान अरूण टोंक, सुमेघा टोंक, भालेन्द्रु गौतम, सपना गौतम, श्रेया, सिद्धी आदि से पूजा अर्चना करवाई गई। तत्पश्चात आरती हुई और प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अनिरूद्ध जोशी, अजय तिवारी, संजय सिंघल, मनोज सक्सेना, सोनू अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीएस रावत, विक्रम सिंह राणा, हरविन्दर सिंह, धर्मदास शर्मा, अनूप सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनय मिश्रा, रवि शरण, राजेश कुमार, भास्कर जोशी, मानवेन्द्र सिह, धनजंय सिंह, मिलिन्द होडेकर, राजेश मिश्रा, विनोद शर्मा, देव अरोरा, अनुज अरोरा, अरविन्द यादव, सोहन सिंहं, देवेन्द्र गंगवार, सजल सूद, संतोष रागोड़े, प्रवीण पंवार, विनोद प्रजापति, डीडी सत्यावली, हितेन्द्र कुमार, शिवेन्द्र नारायण शाही, रवि बोरा, दिवाकर दूबे, आशीष कुमार, यासमीन आदि मौजूद थे।




# हॉस्पिटलों में मरीजों की जांच और ऑपरेशन बने 'बीमारी का पैकेज'

## बुखर आया तो जांचों का पैकेज, डिलिवरी होनी है तो पैसे का पैकेज, तीन दिन में मिल रही फ्री स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट

सितारगंज (उद संवाददाता)। अस्पतालों में इस वक्त बुखार, सर्दी, खासी जैसी मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। मगर मरीज डॉक्टर को लक्षण बताने से भी डरते हैं। ऐसा इसलिए कि जितने लक्षण उतनी ही जांचे करानी पड़ती। बुखार, पीलिया का पैकेज हैं। यहां तक कुछ अस्पतालों में डिलिवरी को लेकर अलग अलग मरीजों के तीमारदारों को लिस्ट थमा दी जा रही हैं। लगभग हर घर में लोग किसी ने किसी बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। लेकिन गरीब, निर्धन लोगों को सहूलियत देने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने जैसी कोई पहल नहीं की जा रही है। जिस वजह से बीमारी की आड़ में निर्धन परिवारों का इलाज के नाम पर प्राइवेट अस्पतालों में बजट बिगड़ रहा है। कुछ प्राइवेट अस्पतालों में मरीज की जांच के नाम पर मोटी फीस के पैकेज थमायें जा रहे हैं। टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू, यूरिन किडनी, लीवर, सर्दी, खांसी आदि की जांचों के लिए अस्पतालों में अलग-अलग पैकेज बने हुए हैं जो 500 से लेकर 5000 तक की जांचे होती हैं। शहर के राजपाल ने बताया कि वर्तमान समय में डॉक्टर के पास जाने पर लक्षण बताने में डर लगता है। जितने लक्षण बताओ उतनी जांच कराई जाती हैं। जिनकी कीमत 500 से 5000 तक के पैकेज के रूप में होती हैं। उन्होंने बताया कि अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ तो बिल का मीटर चालू हो जाता है। जो मामूली बीमारी में 50 से 70 हजार तक पहुंच जाता हैं। इस संबंध में एसीएमओ डॉ राजेश आर्य से संपर्क किया गया लेकिन उनके मीटिंग में व्यस्त होने के कारण बात नहीं हो सकी। कुछ प्राइवेट अस्पतालों का हाल यह है की डिलीवरी कराने तक में पैकेज थमा दिए जा रहे हैं। शहर के वार्ड पांच निवासी पीड़ित ने बताया कि दो दिन पहले सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के लिए पहुंचे थे। सरकारी अस्पताल से महिला को रेफर कर दिया गया। जिस अस्पताल में वह लेकर पहुंचे वहां अस्पताल के स्टाफ ने डिलीवरी के अलग अलग मामलों में पैकेज की लिस्ट थमा दी। उन्होंने पैकेज के अनुसार डिलीवरी करा ली। इसके बाद डिस्चार्ज में दवाइयों के पैसे अलग से ले लिए। पीड़ित ने बताया कि अगर सरकारी अस्पताल में महिला की डिलीवरी होती तो उसके पैसे खर्च नहीं होते। सरकारी अस्पताल में आधार कार्ड सम्मिलित करने के बाद मरीज की फ्री जांच की जाती हैं लेकिन इन जांच की रिपोर्ट तीन दिन के बाद मिलती है। ऐसे में मरीज को तुरंत इलाज नहीं मिल पाता हैं।



# हज समिति बोर्ड की बैठक में 15 प्रस्ताव पारित

## हज हाउस में झंडारोहण चबूतरे का होगा निर्माण : खतीब

सितारगंज(उद संवाददाता)। कलियर हज हाऊस में हज समिति बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बोर्ड बैठक में हज संबंधी 15 प्रस्ताव पारित किए गए। शनिवार को हज समिति अध्यक्ष इसमें कहा गया कि हज 2024 में हज यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था वर्ष 2025 में हज यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए हज कमेटी उल हुज्जाज के पदनाम को संशोधित करते हुए हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई की ओर से स्टेट हज इंस्पेक्टर के नाम से जाना जाएगा। सौर ऊर्जा पैनल लगवाने, फायर सिस्टम चालू



खतीब अहमद, अधिशासी अधिकारी मोहम्मद मीसम और हज अधिकारी मोहम्मद अहसान के नेतृत्व में बैठक हुई, हज समिति बोर्ड की बैठक में 15 बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में हज यात्रा 2024 की समीक्षा और हज 2025 की पॉलिसी पर चर्चा की गई। ऑफ इंडिया मुंबई को पत्र भेजा जाएगा। बैठक में झण्डा रोहण के लिए पाइप के साथ एक चबूतरा निर्माण आदि का प्रस्ताव पारित किया गया। हज हाऊस के कक्षों, हॉल एवं कैंटीन को किराये पर दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वर्ष 2025 खादिम कराने, एवं सौन्दर्यकरण के लिये फूल पौधे लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान विधायक मोहम्मद शहजाद, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, राव काले खां, नफीस अहमद, मोहम्मद नदीम, अकबर, अकरम साबरी, मोहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे।

# वाहन से उड़ाई घी की पेटी, सीसीटीवी में चोर कैद

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में चोरों के आतंक से जहां आम जनता परेशान है वहीं पुलिस को भी एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। जहां चोरों ने बीते दिवस मुख्य चौराहे पर स्थित एक दुकान पर दुस्साहस करते हुए शटर का ताला तोड़कर दुकान पर रखी तिजोरी ही लेकर चंपत हो गए वहीं बीती रात बाईपास पर स्थित सिंघल एजेंसी पर नशेड़ी चोरों द्वारा वाहन में रखी घी की पेटी ही उड़ा ली। चोरी की यह घटना सीसी फुटेज में कैद हो गई। प्रात: एजेन्सी स्वामी को चोरी की घटना की पता उस समय लगा जब वह वाहन से सामान उतारने के लिए एजेंसी पर पहुंचे। एजेंसी स्वामी रोशन सिंघल के पुत्र ने बताया कि इस क्षेत्र में अपराधियों द्वारा चोरी और घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है उन्होंने यह भी बताया कि चोरी करने वाले व्यक्ति की सीसी कैमरे की मदद से पहचान भी कर ली गई है।

